हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 22 जुलाई 2026
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा |

# जांच में लापरवाही, टेक्नीशियन के खिलाफ दर्ज होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला चिकित्सालय में जांच में हुई लापरवाही को लेकर अब एक्शन लेना शुरू हो गया है। लगभग 14 घंटे की देरी से रिपोर्ट देने वाले दो लैब टेक्निशियन को हटा दिया गया था। अब इनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के लिए बसंतपुर थाना को पत्र लिखा गया। वहीं इस मामले में लापरवाही को लेकर अब विपक्ष भी हमलावार हो गया है।

उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य सेवाओं की एक बेहद दुखद और गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम टोलागांव निवासी नाडे मंडावी अपनी 25 वर्षीय गर्भवती पत्नी कविता मंडावी को प्रसव पीड़ा होने पर 20 जुलाई की देर रात लगभग ढाई बजे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अस्पताल में दाखिले के तुरंत बाद डॉक्टरों ने महिला के आवश्यक रक्त नमूनों की जांच कराने का निर्देश दिया। परिजनों ने त्वरित कार्रवाई करते पीड़िता के खून के नमूने अस्पताल परिसर में संचालित अटल आरोग्य लैब में जमा करा दिए थे। इलाज के दौरान चिकित्सकों को आपातकालीन सिजेरियन ऑपरेशन करने के लिए रक्त जांच रिपोर्ट की तत्काल आवश्यकता थी। प्रयोगशाला की घोर लापरवाही के कारण यह रिपोर्ट अगले दिन दोपहर लगभग पौने एक बजे जारी की गई। इस विलंब के कारण समय पर ऑपरेशन नहीं हो सका और गर्भस्थ शिशु ने दम तोड़ दिया। जिसके बाद से ही मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस पूरे मामले में सामने आया कि महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामाटोला में रविवार की रात लगभग 9.30 बजे भर्ती कराया गया था, जहां से उसकी स्थिति को देखते हुए रात लगभग 1.30 बजे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जांच के लिए ब्लड सैंपल लिया गया। दोपहर 01 बजे तक रिपोर्ट जनरेट नहीं किया गया। रिपोर्ट आने में देरी होने के चलते ऑपरेशन में देरी हुई और मां के गर्भ के भीतर बच्चा ने गंदा पानी पी लिया। जिससे गर्भ में ही उसकी मौत हो गई। हटाए गए लैब टैक्निशियन में खोमेंद्र कुमार और विक्रम शामिल थे।

## रात में आई थी महिला

प्रसूता महिला को रात ढाई बजे गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया था। अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों को प्रसूता का सिजेरियन ऑपरेशन करने के लिए लैब रिपोर्ट की सख्त जरूरत थी, ताकि मरीज की वास्तविक स्थिति को समझकर उपचार आगे बढ़ाया जा सके। इसके बावजूद अटल आरोग्य लैब के जिम्मेदार कर्मियों ने मामले की संवेदनशीलता पर कोई ध्यान नहीं दिया। जांच का नमूना समय पर मिलने के बाद भी प्रयोगशाला द्वारा रिपोर्ट अगले दिन दोपहर 12 बजकर 49 मिनट पर जारी की गई। इस अमानवीय देरी के चलते चिकित्सकों को प्रसूता का समय पर सिजेरियन ऑपरेशन करने में असफलता का सामना करना पड़ा और अंततः नवजात की गर्भ के भीतर ही मृत्यु हो गई।



## एफआईआर के लिए लिखा पत्र

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने प्रयोगशाला का संचालन करने वाली संस्था एचएलएल हेल्थ केयर लिमिटेड के टेक्नीशियन खोमेंद्र कुमार के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाने के लिए पत्र लिखा है। बसंतपुर थाना प्रभारी को आधिकारिक पत्र भेजकर जांच रिपोर्ट में अत्याधिक देरी करने तथा प्रसूता के जीवन से खिलवाड़ करने के आरोप में आरोपी टेक्नीशियन के विरुद्ध तुरंत एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। घटना की गंभीरता को देखते इस पत्राचार की प्रतिलिपि जिले के शीर्ष अधिकारियों को भी भेजी गई है।









## खबर संक्षेप



### शहर में आवास सर्वे आरंभ

**डोंगरगढ़।** भाजपा के संकल्प पत्र के मुताबिक आवासीय पट्टा देने के लिए नगर पालिका एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने शहर में सर्वे प्रारंभ कर दिया है। सर्वे के लिए 3 टीम बनाया गया है। शहर के वार्ड 1 से 8, वार्ड 9 से 16 और 17 से 24 में सर्वे प्रारंभ हो गया है। सर्वे के दौरान पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत बन्नोवाना, पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, सभापति अमित जैन, सुमित ताम्रकार, रेखा राघौते, विनय बंसल, विनीत यादव, पप्पू नामदेव आदि उपस्थित थे।

### अग्रवाल युवा मंच पहुंचा देवी दर्शन करने

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा



अग्रवाल मंच के पदाधिकारी और सदस्य गत दिनों नगर के प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान सभी मां बम्लेश्वरी के दर्शन बाद बीरेन्द्र अग्रवाल के फार्म हाउस में आयोजित पिकनिक में शामिल हुए। मंच परिवार ने मां बमलेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, गणेश नरेड़ी, कन्हैया गुरुजी, प्रकाश मांगीलाल अग्रवाल, गिरधर मेहाडिया का आभार जताया है।

### शिव परिवार की पूजा



**डोंगरगढ़।** मिसियाबाड़ा वार्ड 9 में शिवजी परिवार स्थापना दिवस के अवसर पर नगर के वरिष्ठ जनों ने पूजा अर्चना किया।

### शोकाकुल परिजनों से मिले पूर्व विधायक

**डोंगरगढ़।** बेलगांव के पूर्व सरपंच संत ज्ञानेश्वर साहू की माता रामप्यारी साहू के निधन की खबर मिलने पर पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने गांव पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने मृतात्मा को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान दीनेतु जांगड़े, प्रहलाद कंवर, राजूलाल वर्मा, फत्तू वर्मा, कमल अग्रवाल, सालिक गेडाम, राहुल गोस्वामी, ललित लहरे , नेतराम वर्मा आदि मौजूद थे।

### स्कूलों में अब तक पुस्तकें नहीं पहुंची

**डोंगरगढ़।** तोतलभर्री एवं खुर्शीपार में स्कूल भवन नहीं दूसरे भवन में शाला का संचालन हो रहा है। कांग्रेस नेता सुरेश सिन्हा ने बताया कि तोतलभर्री स्कूल एक शिक्षक के भरोसे चल रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों का ध्यान स्कूलों की ओर नहीं है उन्हे केवल आंकड़ों और ऐप की चिंता है। उन्होंने बताया कि स्कूलों में अब तक सभी विषयों की पुस्तकें नहीं पहुंचीं है, फिर भी 15 जुलाई से पाक्षिक परीक्षा लेने का निर्देश दिया गया है। सवाल यह है कि बच्चे बिना किताब के परीक्षा की तैयारी कैसे करेंगे ? सरकार ने दो जोड़ी गणवेश देने की घोषणा की, लेकिन बच्चों को अब तक केवल एक जोड़ी ही मिली है।

### पेंशनर्स एसोसिएशन ने बांटा स्कूल बैग

**डोंगरगढ़।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा डोंगरगढ़ ने सामाजिक सरोकार का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते ग्राम बरनारा तथा ग्राम देवकट्टा में शिक्षण सामग्री का वितरण किया। बरनारा के 35 तथा देवकट्टा में 45 विद्यार्थियों को स्कूल बैग सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री प्रदान की गई। सामग्री वितरण के दौरान अध्यक्ष हंसराज साहू, एलके नारंग, इंजीनियर जेके जैन, डॉ. चंद्राकर, धन्नूलाल महोबिया, जगजीत सिंह भाटिया, हेमंत साहू, गंभीरदास साहू, रामनाथ भैंसारे, रमेश बहेकर सहित अन्य मौजूद थे।

---

### आवास योजना में जमकर बरती गई अनियमितता

# पति-पत्नी के नाम पर पीएम आवास की दी मंजूरी, प्रक्रिया पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत ग्राम पंचायत चिचोला में आवास स्वीकृति प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पहले एक ही हितग्राही के नाम दो आवास स्वीकृत होने का मामला सामने आने के बाद अब चार दंपतियों को अलग-अलग हितग्राही मानते हुए आवास योजना का लाभ दिया गया है। पति और पत्नी दोनों के नाम अलग- अलग आवास स्वीकृत कर राशि भी जारी किया जा चुका है। मामले के सामने आने के बाद जनपद पंचायत ने जांच तेज कर दी है।

जानकारी के अनुसार पात्र परिवार के नाम पर एक आवास स्वीकृत किया जाता है। किन्तु सुखदेव लोधी और उसकी पत्नी सुनीताबाई के नाम 27 मार्च 2025 को एक ही स्वीकृति क्रमांक के तहत अलग-अलग आवास स्वीकृत किया गया है। दोनों को पहली किश्त की राशि भी जारी करने का रिकॉर्ड है। एक ही दिन और एक ही स्वीकृति क्रमांक से दोनों को लाभ मिलना जांच का विषय बन गया है।

#### पहले पति फिर पत्नी को लाभ

जानकारी के अनुसार चंदेश कुमार के नाम से सितंबर 2024 में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ। उसे दो किश्त का भुगतान भी कर दिया गया है। पोर्टल में निर्माण की स्थिति प्लिंथ स्तर तक दर्ज है। इसके बाद अक्टूबर 2025 में उसकी पत्नी अनुसुइया बाई के नाम से आवास स्वीकृत कर पहली किश्त जारी कर दी गई। इसी प्रकार परागन यादव और उसकी पत्नी चौनकुमारी यादव के नाम से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ है। परागन यादव को पहली किश्त के रूप में 40 हजार मिले है जबकि चौनकुमारी यादव को 95 हजार का भुगतान होना दर्ज है। पोर्टल पर निर्माण कार्य प्लिंथ स्तर तक बताया गया है।



#### जानकारी होने से इंकार

रोजगार सहायक सुभाष धुर्वे ने कहा कि उन्होंने हितग्राहियों के बैंक खाते, आधार कार्ड या अन्य दस्तावेज जमा नहीं कराए हैं। पति-पत्नी दोनों के नाम राशि कैसे स्वीकृत हुई, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है।

#### मामले की जांच शुरू

मामले के खुलासे के बाद जनपद पंचायत ने जांच शुरू करा दिया है। लोगों को अब प्रशासनिक की रिपोर्ट का इंतजार है। जांच में अनियमितता की पुष्टि होने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई होने की पूरी संभावना है।

#### किसने क्या कहा

पंचायत सचिव जग्गू साहू का कहना है कि यह मामला उनके कार्यकाल का नहीं है। उनके अनुसार किसी भी हितग्राही के खाते में राशि जारी करने से पहले आधार, बैंक खाता और अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड किए जाते हैं। बिना दस्तावेज सत्यापन के भुगतान संभव नहीं है।

#### पति के बाद पत्नी को लाभ

ग्राम के अश्वनी कुमार के नाम पर 2023 में प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था। उसे चार किश्तों में पूरी राशि का भुगतान किया जा चुका है। पोर्टल पर उसका आवास पूर्ण होना दर्शाया गया है। वहीं 2025 में उसकी पत्नी अनिता बाई के नाम एक और प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कर पहली किश्त जारी कर दी गई।

#### एक को मिलता है लाभ

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के प्रावधानों के अनुसार सामान्य परिस्थितियों में एक परिवार को केवल एक आवास का लाभ दिया जा सकता है। किसी कारण से पति और पत्नी दोनों को अलग-अलग माना जाता है, तो वैधानिक आधार होना आवश्यक है किन्तु गांव में इस तरह की स्थिति नहीं है।

---

# आवारा कुत्ते बना रहे छोटे बच्चों को शिकार



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ते जा रहा है, जिससे नागरिकों में दहशत का माहौल है। लावारिश कुत्ते बच्चों और कमजोर लोगों को निशाना बना रहे है। कुत्तों के काटने के बाद घायलों को तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई ले जाया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कुछ वर्ष पहले आवारा कुत्तों को मारने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, जिसके बाद से इनकी संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है। वर्तमान में हर गली और मोहल्ले में कुत्तों का झुंड देखा जा सकता है। झुंड में रहने के कारण इन कुत्तों में आक्रामकता विकसित हो रही है, जिसके चलते वह इंसानों पर हमले कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई के सामने छोटे बच्चों को कुत्तों के काटने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं।

#### मामलों में हुई बढोत्तरी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई के प्रभारी अधिकारी प्रशांत सोनी ने बताया कि अस्पताल में कुत्तों के काटने के मामले लगातार आ रहे हैं। पीड़ितों को एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि रेबीज कुत्तों से फैलने वाली खतरनाक बीमारी है, इसलिए समय रहते इलाज कराना अनिवार्य है।

#### शिकायत मिली

नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने बताया कि कुत्तों द्वारा बच्चों को शिकार बनाने की जानकारी सामने आई है। संबंधित विभाग से संपर्क कर बधियाकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

#### संख्या नियंत्रित करना जरूरी

कुत्तों की बढ़ती संख्या पर रोक लगाना आवश्यक हो गया है। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में यह समस्या विकराल रूप ले सकती है। इस समस्या से निपटने के लिए कुत्तों का बधियाकरण किया जाना जरूरी हो गया है।

---

# महिला समूह ने किया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पर्यावरण संरक्षण के लिए राजपूत महिला समूह ने एक पेड़ मां के नाम के अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया। यह आयोजन मां रणचंडी मंदिर परिसर में किया गया। बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने पौधे लगाकर संरक्षण का संकल्प लिया। महिलाओं ने आंवला, नीम, आम, बादाम, नींबू, जामुन, कटहल तथा नरगिस आदि के पौधे रोपे।

#### सुरक्षा की ली जिम्मेदारी

महिलाओं ने रोपे पौधे की देखभाल, सिंचाई और सुरक्षा की व्यक्तिगत जिम्मेदारी ली है। महिलाओं ने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित रखना भी सबका कर्तव्य है। समाज की अध्यक्ष अंचला सिंह ठाकुर ने बताया कि पौधरोपण करना मातृ सम्मान, प्रकृति संरक्षण और सामाजिक सहभागिता का प्रतीक है। कार्यक्रम में प्राची सिंह, शीला गहरवार, लीना सिंह, पद्मिनी राजपूत, प्रतिभा कल्चुरी, रुबी गहरवार, कामिनी यादव सहित अन्य शामिल हुई।

### लोकतंत्र में संवाद हो दमन नहीं: विष्णु



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को पुलिस द्वारा धरना स्थल से हटाकर अस्पताल ले जाने की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण आंदोलन को बलपूर्वक समाप्त करना जनभावनाओं के विरूद्ध है। उन्होंने कहा कि देश के युवा निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली और पारदर्शी शिक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे है किन्तु सरकार गंभीरता दिखाने के बजाए उनकी आवाज दबाने का प्रयास कर रही है जो अनुचित है। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली से भरोसा उठ रहा है जो चिंताजनक है।

---

# सामाजिक सहयोग से लेशिका को मिला बल, बीटेक में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



■ गरीबी से पढ़ाई बाधित होने पर मंडरा रहा था खतरा

नगर की बेटी लेशिका लाऊत्रे ने नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर बीटेक में प्रवेश का अवसर प्राप्त किया था, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण उनका सपना अधूरा रहने की स्थिति बन गई थी।

कालकापारा निवासी लेशिका के पिता श्याम कुमार लाऊत्रे 90 प्रतिशत दिव्यांग हैं। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह एनआईटी में चयन होने के बाद भी शुल्क जमा नहीं कर सकी थी जिससे उसका प्रवेश नहीं हो पाया है। इस आशय की जानकारी मिलने पर आदर्श बौद्ध महासभा, नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति और सामाजिकजनों को मिली तो उन्होंने सभी ने एकजुट होकर इसकी शिक्षा का दायित्व उठाने का संकल्प लिया। जिले के उपासक-उपासिकाओं, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने आर्थिक सहयोग दिया। समाज के प्रयास से बीटेक प्रवेश के लिए आवश्यक राशि जुटाई गई, जिसके फलस्वरूप लेशिका का छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रायपुर में कंप्यूटर एंड डेटा साइंस पाठ्यक्रम में प्रवेश हो सका। आदर्श बौद्ध महासभा एवं नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति ने सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया है।

---

# स्कूलों की तस्वीर बदलने मांगा अनुदान

## स्कूल शिक्षा मंत्री को नगर अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नगर की शिक्षण संस्थाओं के जीर्णोद्धार के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से भेंटकर ज्ञापन सौंपते हुए अनुदान उपलब्ध कराने की मांग की।

नगर के स्कूलों में विभिन्न विकास कार्यो को गति देने तथा जर्जर भवनों की मरम्मत के लिए नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने शुक्रवार को स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से भेंट कर स्थिति से अवगत कराया और निराकरण के लिए अनुदान उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि छह दशक पूर्व बना माध्यमिक शाला भवन जर्जर हो गया है। यहां अप्रिय घटना होने की आशंका बनी रहती है।

भवन की स्थिति को देखते हुए यहां बच्चों का अध्ययन अध्यापन बंद हो गया है। पूर्व माध्यमिक शाला का संचालन अतिरिक्त कक्ष में हो रहा है। दर्ज संख्या अधिक होने के कारण अतिरिक्त भवन में विद्यार्थी बैठ नहीं पा रहे है। शिक्षा मंत्री श्री यादव ने नगर अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग से जानकारी प्राप्त कर नए भवन की स्वीकृति दी जाएगी।



#### आधा दर्जन स्कूल भवन जर्जर

उन्होंने बताया कि ब्लाक में आधा दर्जन स्कूल जीर्ण शीर्ण हो गए है। बारिश होने पर छत से पानी टपकने लगता है। उन्होंने बताया कि सिंगरायटोला, खुर्सीटिकुल, मांझीटोला, विचारपुर, पेंदलकुही एवं बालक पूर्व माध्यमिक शाला चौकी की स्थिति दयनीय है जिन्हे डिस्पेंटल कर नया भवन बनाने की आवश्यकता है।

#### डेढ दर्जन स्कूल एक शिक्षकीय

नगर अध्यक्ष मानिकपुरी ने शिक्षा मंत्री श्री यादव को शिक्षकों की कमी की जानकारी देते हुए शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग रखी। उन्होंने बताया कि पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक शाला, पीएम श्री प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला सहित अन्य सरकारी स्कूलो में शिक्षकों का अभाव है। पर्याप्त शिक्षक नहीं होने से परीक्षा परिणाम प्रभावित हो रहा है जिसे देखते हुए शिक्षकों की नियुक्ति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि मोहगांव, ठाकुरबांधा, बालक शाला बांधाबाजार, बूटाकसा, साल्हे, हज्जूटोला, जंतरगुंडरा, सिंघाभेडी, कलकसा, धानापायली, मालडोंगरी, पीएम श्री प्राथमिक शाला चौकी, आश्रम शाला बूटाकसा आदि एक शिक्षकीय है।

---

### बैठक में दी गई उपयोगी जानकारी

# खेती को लाभकारी बनाने पर किसानों से गहन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

किसानों की उन्नति, सामूहिक कृषि विकास तथा किसान उत्पादक संगठन को सशक्त बनाने के लिए सृष्टि पूजा किसान उत्पादन कंपनी ने किसान बैठक का आयोजन किया।

इस बैठक का नेतृत्व कंपनी के डायरेक्टर डॉ. हेमशंकर जेठमल साहू ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर कंपनी की कार्यप्रणाली, उद्देश्य एवं शेयरधारक बनने से होने वाले लाभों की जानकारी प्राप्त की। बैठक में डॉ. जेठमल ने बताया कि वर्तमान में किसानों की आय बढ़ाने, कृषि लागत कम करने तथा उत्पादों का उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए किसान उत्पादक कंपनियों की भूमिका महत्वपूर्ण है।



उन्होंने बताया कि जब किसान एक मंच पर संगठित होकर कार्य करते हैं तो उन्हें बीज, खाद, कृषि उपकरण, आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, प्रसंस्करण, भंडारण तथा बाजार तक बेहतर पहुंच मिलती है और आय में वृद्धि के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होती है।

गांव के भूतपूर्व सरपंच ने कहा कि संगठित होकर कार्य करना ही सफलता की कुंजी है।

उन्होंने किसानों से अपील की कि वह किसान उत्पादक कंपनी से जुड़कर खेती को लाभकारी बनाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए मजबूत कृषि व्यवस्था का निर्माण करें।

#### कंपनी से जुड़ने दी सहमति

बैठक में करीब 100 किसानों ने कंपनी के शेयरधारक सदस्य के रूप में जुड़ने की सहमति दी। किसानों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से खेती को लाभकारी बनाया जा सकता है तथा बाजार में बेहतर मूल्य प्राप्त किया जा सकता है। किसानों ने भविष्य में कंपनी के साथ मिलकर आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने, सामूहिक विपणन करने तथा कृषि आधारित व्यवसायों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस आयोजन में प्रगतिशील किसान हेविका नंद गंधर्व का विशेष सहयोग रहा। अंत में डॉ. जेठमल ने आभार व्यक्त किया।




जिला पंचायत उपाध्यक्ष के सी जी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा, खैरागढ़ विधानसभा के लोकप्रिय नेता जननायक
मान. विक्रांत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ
आयश सिंह (बोनी)
जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा के.सी.जी.
विक्रांत चन्द्राकर
जिला महामंत्री युवा मोर्चा के.सी.जी.
प्रेमसागर गुप्ता
जिला महामंत्री युवा मोर्चा के.सी.जी.
अनिश सिंह (दादू)
अध्यक्ष भाजयुमो खैरागढ़
नवीन चन्द्राकर
अध्यक्ष भाजयुमो छुईखदान
राकेश वर्मा
अध्यक्ष भाजयुमो बाजार अतरिया
बालकृष्ण वर्मा
अध्यक्ष भाजयुमो नर्मदा
भानूप्रताप साहू
अध्यक्ष भाजयुमो गण्डई
चमनराज वर्मा
अध्यक्ष भाजयुमो साल्हेवारा
एवन विश्वकर्मा
अध्यक्ष भाजयुमो ठेलकाडीह
पारस पटेल
अध्यक्ष भाजयुमो पाण्डादाह
विनीतः- समस्त कार्यकर्ता जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा के.सी.जी.


प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष
मान. विक्रांत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ
जीवन देवांगन
उपाध्यक्ष जिला भाजपा
भुनेश्वरी जीवन देवांगन
सभापति जिला पंचायत के.सी.जी.


भाई
विक्रांत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
HAPPY BIRTHDAY
विक्रांत सिंह जी
उपाध्यक्ष, जिला पंचायत
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई
तरूण सिंह
शिवादित्य सिंह
अतुल चोपड़ा

**खबर संक्षेप**

## महापौर ने किया स्थल निरीक्षण

**राजनांदगांव।** वार्डों में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई के अलावा निर्माण एवं अन्य कार्यों के लिए महापौर मधुसूदन यादव द्वारा वार्डों में निरीक्षण कर व्यवस्था संबंधी नागरिकों से चर्चा उपरांत अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं। इसी तारतम्य में मंगलवार को उन्होंने कन्हारपुरी में सुविधा विस्तार के लिए निगम पदाधिकारी एवं अधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया। कन्हारपुरी में स्कूल का निरीक्षण कर महापौर श्री यादव ने पढ़ाई के अलावा विद्यार्थियों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में शिक्षकों से चर्चा कर निर्माणाधीन शौचालय का निरीक्षण कर कार्य जल्द पूर्ण कराने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से भी चर्चा कर पढ़ाई में फोकस करने समझाईस देकर अच्छा प्रतिशत लाकर अपने परिवार व स्कूल का नाम रोशन करने कहा। महापौर श्री यादव वार्डवासियों से रूबरू हो उनसे पानी, सफाई एवं निर्माण संबंधी जानकारी ली। सामुदायिक भवन निर्माण एवं अन्य सुविधाओं के दुरूस्तीकरण की मांग पर शिवधाम मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण कर निर्माण चालू करने अधिकारियों को निर्देश दिए। इसी प्रकार मंदिर क्षेत्र में पानी भरान से निजात दिलाने नाली निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार करने कहा। उन्होंने कुंआ से पानी निकासी के लिए पंप को दुरूस्त करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों की समस्या का प्राथमिकता तय कर निराकरण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान सावन वर्मा, डीलेश्वर साहू, शरद सिन्हा, युवराज भारती सहित गरिमा वर्मा, रितू श्रीवास्तव सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## समूह को नहीं मिला राशन दुकान का प्रभार

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत बेलगांव में उचित मूल्य राशन दुकान के संचालन का विवाद गहराते जा रहा है।

श्री साई महिला स्व-सहायता समूह को आबंटन के लगभग तीन माह बाद भी प्रभार नहीं मिला है जिससे महिलाओं में रोश व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से हस्तक्षेप कर आदेश का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की है। महिलाओं का कहना है कि शासन के आदेश अनुसार राशन दुकान का संचालन उन्हें सौंपा जाना था, लेकिन वर्तमान में मां शारदा महिला बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित अब भी दुकान का संचालन कर रही है। आदेश जारी होने के बावजूद दुकान का सुपुर्दनामा नहीं होने से समूह की महिलाओं को नुकसान हो रहा है। महिलाओं का आरोप है कि जब भी वह दुकान का प्रभार सौंपने की मांग करती हैं, तब संबंधित समिति से जुड़े कुछ लोग विवाद उत्पन्न करने का प्रयास करते हैं जिससे शासन के निर्देश पर अमल नहीं हो रहा है। महिला समूह ने अनुविभागीय अधिकारी से मामले की शिकायत कर आवश्यक हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है।

**निधन**

## राधेश्याम तिवारी

**राजनांदगांव।** शिवनगर चिखली निवासी राधेश्याम तिवारी (सेवानिवृत स्वास्थ्य विभाग कर्मचारी) का 21 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया।



राधेश्याम तिवारी रोहित तिवारी के पिता एवं आर्यम व दिव्यम तिवारी के दादा थे। उनकी अंतिम यात्रा कल 22 जुलाई को सुबह 10.30 बजे उनके निज निवास शिवनगर से निकाली जाएगी।

## सरदार रघुवीर सिंह

**डोंगरगढ़।** वरिष्ठ अधिवक्ता संटी सिंह जगमहिमा के पिता सरदार रघुवीर सिंह का आकस्मिक निधन 21 जुलाई को अपरान्ह 4 बजे हो गया।



उनकी अंतिम यात्रा कल 22 जुलाई को निवास स्थान बुधवारीपारा गुरुद्वारा के बाजू से सुबह 10 बजे छीरपानी मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

# सूरज की रोशनी से जगमगाएंगे वनांचल क्षेत्र के 87 गांव

### मोहला-मानपुर बनेगा प्रदेश का सबसे बड़ा सामूहिक सौर ऊर्जा जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

- जिला प्रशासन की पहल पर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्लांट स्थापित करने का कार्य शुरू

छत्तीसगढ़ के सुदूर वनांचल में बसा मोहला-मानपुर जिला जो वर्षों तक नक्सल गतिविधियों की छाया में विकास से दूर रहा, अब हरित ऊर्जा क्रांति का नया केंद्र बनने जा रहा है। जिला प्रशासन की पहल पर पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत जिले के 87 गांव में सामूहिक सोलर पावर प्लांट स्थापित करने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। यह पहल इस मायने में ऐतिहासिक है कि जो क्षेत्र कभी बुनियादी बिजली और सड़क जैसी सुविधाओं के लिए तरसता था, वह अब प्रदेश में सामूहिक सौर ऊर्जा अपनाने वाला सबसे बड़ा जिला बनने की दिशा में अग्रसर है।



**मॉडल बनाना लक्ष्य**

यह पहल न केवल मांझियापारा, बल्कि पूरे जिले और देश के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल है। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार को स्वच्छ और सस्ती बिजली उपलब्ध हो।

\- तुलिका प्रजापति
कलेक्टर, मोहला-मानपुर

**कार्य प्रगति पर**

जिला प्रशासन का मानना है कि यह सिर्फ एक ऊर्जा परियोजना नहीं, बल्कि शांति, विश्वास और आत्मनिर्भरता की एक नई इबारत है। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के प्रशासनिक नेतृत्व के अंतर्गत मोहला-मानपुर जिला प्रशासन ने एक महत्वाकांक्षी कदम उठाते हुए जिले के 87 गांव को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सामूहिक सोलर ऊर्जा से जोड़ने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। जिले के ग्राम मंझियापार में 50 हितग्राहियों हेतु 100 किलोवॉट का सौर संयंत्र स्थापित हो चुका है और शेष गांव में भी कार्य प्रगति पर है। इसके अंतर्गत ग्रामीणों को केवल सब्सिडी राशि से ही सोलर संयंत्र उपलब्ध होगा। जिला प्रशासन का कहना है कि यह पहल आने वाले महीनों में पूरे देश के लिए मॉडल बनेगी और मोहला-मानपुर को शांति से समृद्धि की ओर ले जाने वाली एक मिसाल के रूप में देखा जाएगा। स्थानीय स्तर पर इसे अपनी मिट्टी में उगता सूरज जैसे शब्दों से भी जोड़ा जा रहा है, यानी विकास जो बाहर से थोपा नहीं गया, बल्कि गांव वालों की भागीदारी और भरोसे से उपजा है। प्रशासन ने विश्वास जताया कि यह पहल जल्द ही मोहला-मानपुर की एक नई पहचान बनेगी, जहां हर गांव सूरज की रोशनी में अपने भविष्य की नई कहानी लिखेगा।

### खैरागढ़, बाजार अतरिया एवं पांडादाह में एक साथ अभियान

# पुलिस की कॉम्बिंग गश्त से असामाजिक तत्वों में हड़कंप

### देर रात तक पुलिस की गश्त, संदिग्धों से की गई पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई पुलिस द्वारा जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से लगातार विशेष अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 19 जुलाई की रात्रि 12 बजे से सुबह 4 बजे तक थाना खैरागढ़ पुलिस द्वारा खैरागढ़, बाजार अतरिया एवं पांडादाह क्षेत्र में एक साथ व्यापक रात्रिकालीन कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया गया।

**सुरक्षा व्यवस्था का जायजा**

अभियान के दौरान खैरागढ़ नगर के बरेठपारा, जमातपारा, बख्शी मार्ग, इतवारी बाजार, धरमपुरा, अमलीपारा, दाऊचौरा, बस स्टैंड, शिव मंदिर रोड, राज फैमिली क्षेत्र, गंजीपारा, रश्मिदेवी कॉलोनी, खम्हरिया एवं इंदिरा आवास सहित पांडादाह एवं बाजार अतरिया क्षेत्र में सघन गश्त की गई। साथ ही थाना क्षेत्र के बैंक, एटीएम, सराफा बाजार, संवेदनशील स्थानों, लॉज एवं ढाबों की गहन जांच कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।




**संदिग्धों की हुई जांच**

पुलिस टीम द्वारा खैरागढ़, बाजार अतरिया एवं पांडादाह में निवासरत निगरानीशुदा एवं गुंडा बदमाशों के घरों पर दबिश देकर उनकी वर्तमान गतिविधियों की जानकारी ली गई तथा उन्हें भविष्य में किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की कड़ी समझाइश दी गई। इसके साथ ही फरार वारंटियों एवं अन्य संदिग्ध व्यक्तियों के संभावित ठिकानों पर भी दबिश देकर उनकी उपस्थिति की जांच की गई।

**अभियान रहेगा जारी**

केसीजी पुलिस आम नागरिकों की सुरक्षा, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ऐसे विशेष अभियान आगे भी निरंतर जारी रखेगी। साथ ही नागरिकों से अपील है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें। जिससे अपराधों की रोकथाम में जनसहयोग सुनिश्चित हो सके।

**दी गई सख्त हिदायत**

अभियान के दौरान 4 निगरानीशुदा बदमाशों एवं 19 गुंडा बदमाशों के निवास स्थानों पर दबिश देकर वैधानिक कार्रवाई की गई तथा सभी को समाज की मुख्यधारा से जुड़कर कानून का पालन करने की समझाइश दी गई।इसके अतिरिक्त देर रात्रि में बिना किसी उचित कारण के सार्वजनिक स्थानों पर घूमते पाए गए व्यक्तियों को थाना लाकर उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया तथा भविष्य में अनावश्यक रूप से देर रात तक सार्वजनिक स्थानों पर नहीं घूमने की सख्त हिदायत दी गई।

# ओवरब्रिज पर खराब हुई ट्रक, घंटों लग रहा जाम, स्कूली छात्र भी फंसे



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आज दोपहर लगभग 12 बजे चिखली रेलवे ओवरब्रिज में एक ट्रक के खराब होने से घंटों जाम लग गया। जिससे आवागमन अवरूद्ध हो गया। ओवरब्रिज पर जाम लगने की सूचना मिलते ही यातायात पुलिस के जवान ट्रैफिक बहाल करने मशक्कत करते रहे।

खैरागढ़ की ओर से आ रही ट्रक ओवरब्रिज के ऊपर खराब हो गई। ट्रक के खराब होने से चिखली और नगर निगम तक जाम लग गया। स्कूली बच्चों की छुट्टी का वक्त होने के चलते स्कूली बसें और बच्चे भी जाम में फंसे रहे। ओवरब्रिज पर लगे लंबे जाम को देख लोगों ने गौरीनगर रेलवे क्रॉसिंग और ममता नगर अंडरब्रिज का सहारा लिया, लेकिन यहां भी जाम की स्थिति थी।

**आए दिन जाम से परेशान**

मौके पर पहुंचे यातायात पुलिस के जवानों ने थोड़े-थोड़े देर में ओवरब्रिज से एक-एक तरफ के वाहनों को निकाला गया और घंटों मशक्कत के बाद ट्रक को हटाया गया। अंडरब्रिज निर्माण की धीमी गति के कारण वाहन चालकों को आए दिन ओवरब्रिज में ट्रैफिक जाम होने की समस्या से जूझना पड़ता है।

## जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन आज

**मोहला।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र (मॉडल कैरियर सेंटर) अंबागढ़ चौकी द्वारा वार्षिक कार्ययोजना एवं कलेक्टर तुलिका प्रजापति के निर्देशानुसार कल 22 जुलाई को सुबह 10 से 3 बजे तक शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी परिसर में जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

## चयनित अधिवक्ता 21 सितंबर को मुंबई में होंगे सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (पीसीडब्ल्यूजे), पंजीकृत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन एवं सम्मान समारोह-2026 के अंतर्गत इस वर्ष आनंद किशोर गुप्ता स्मृति सम्मान-2026 प्रदान किया जाएगा।

यह सम्मान राजनांदगांव के वरिष्ठ अधिवक्ता, समाजसेवी एवं कायस्थ समाज शिरोमणि स्वर्गीय आनंद किशोर गुप्ता की स्मृति में स्थापित किया गया है।

सम्मान के लिए ऐसे वरिष्ठ अधिवक्ता पात्र होंगे, जिन्हें विधि व्यवसाय में कम से कम 20 वर्ष का अनुभव हो तथा जिन्होंने समाजसेवा, कानूनी जागरूकता और जनहित के कार्यों में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। प्राप्त आवेदनों का परीक्षण चयन समिति द्वारा किया जाएगा और चयनित अधिवक्ताओं को 21 सितंबर को अटल स्मृति उद्यान सभागार बोरीवली वेस्ट मुंबई में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन एवं सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

चयन समिति की संस्थापक नेहा गुप्ता ने बताया कि इच्छुक वरिष्ठ अधिवक्ता अपना विस्तृत बायोडाटा, बार काउंसिल पंजीयन क्रमांक, अनुभव, सामाजिक कार्यों का विवरण तथा दो फोटो 10 अगस्त तक ईमेल या अधिक जानकारी के लिए फोन से संपर्क कर सकते हैं।

# आयुक्त ने शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

साफ-सफाई में गुणात्तम सुधार लाने नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम प्रतिदिन सुबह वार्डों में जाकर जायजा लेकर वार्डवासियों से फीटबैक ले रहे हैं। मंगलवार को आयुक्त द्वारा शीतला मंदिर वार्ड में साफ-सफाई का निरीक्षण कर सफाई कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। वहीं वृक्षारोपण के लिए स्टेट स्कूल उद्यान का निरीक्षण किया।

शीतला मंदिर रोड में आयुक्त श्री मरकाम ने सफाई का जायजा लिया। शीतला मंदिर के पास भगवान शंकर की प्रतिमा के पीछे एवं बूढ़ातालाब के किनारे कचरा की सफाई कराने कहा कि तालाब के किनारे की अच्छे से सफाई कर झिल्ली पन्नी उठाए, तालाब के आसपास स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा गुप्त नवरात्रि के अष्टमी की हवन पूजन को ध्यान में रखकर मंदिर परिसर की समुचित सफाई की जाए। उन्होंने कहा कि मंदिर के आसपास पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए तथा पानी भरान पर कच्ची नाली खोद कर निकासी कराएं। क्षेत्र के स्वास्थ्य अमला को बूढासागर में कचरा व मलमा डालते पाए जाने पर संबंधित से जुर्माना वसूलने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिकों से अपील करते कहा कि तालाब में कचरा व मलमा न डाले, तालाब हमारी धरोहर है, इसको स्वच्छ एवं साफ रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।



**पौधरोपण हेतु तैयारी के निर्देश**

आयुक्त ने तहसील कार्यालय रोड में साफ-सफाई देख रोड एवं मोती तालाब के किनारे सफाई कर कचरा उठाने कहा। उन्होंने स्टेट स्कूल के उद्यान का जायजा लेकर उद्यान की साफ-सफाई कर कटीली झाड़ियां काटने के निर्देश दिए। साथ ही उद्यान में वृक्षारोपण करने आवश्यक तैयारी करने संबंधित को निर्देशित किए। उन्होंने कहा कि इस बारिश के मौसम में लगभग 10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए स्थल चयन सहित अन्य प्रक्रिया की जा रही है। जिसमें स्टेट स्कूल उद्यान को भी वृक्षारोपण में प्राथमिकता दी जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, सह उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी गोस्वामी सहित स्वास्थ्य अमला उपस्थित रहा।



## सार समाचार

### राष्ट्रीय स्तर पर दिव्यांश का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**राजनांदगांव।** रॉयल किड्स कान्वेंट स्कूल के छात्र दिव्यांश सोनी ने एपोच ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित एप्टीट्यूड



ओलंपियाड/टैलेंट सर्च टेस्ट/गणित ओलंपियाड/जीके ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते प्रथम श्रेणी प्राप्त की। दिव्यांश ने राष्ट्रीय स्तर पर 201वां तथा क्षेत्रीय स्तर पर 33वां स्थान हासिल कर अपने विद्यालय, परिवार और राजनांदगांव शहर का गौरव बढ़ाया। एपोच ओलंपियाड फाउंडेशन (भारत सरकार द्वारा पंजीकृत संगठन) की ओर से उनके विशिष्ट प्रदर्शन के लिए उभरते चैंपियन के रूप में प्रशंसा-पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया। वर्तमान में दिव्यांश सोनी रॉयल किड्स कान्वेंट स्कूल की कक्षा छठवीं (सेक्शन-ए) का छात्र है। विद्यालय परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में प्राचार्य, प्रबंधक, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में दिव्यांश को मेडल एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने कहा कि दिव्यांश की यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है।

### आज से 30 दिवसीय प्रशिक्षण

**राजनांदगांव।** बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान राजनांदगांव द्वारा कल 22 जुलाई से 30 दिवसीय निःशुल्क आवासीय महिला सिलाई प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। संस्थान के संकाय ने बताया कि यह प्रशिक्षण विशेष रूप से राजनांदगांव जिले की ग्रामीण महिलाओं एवं युवतियों के लिए आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को आधुनिक सिलाई तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। जिससे वे स्वयं का स्वरोजगार प्रारंभ कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

### युगांतर के प्री प्राइमरी के बच्चों ने ब्ल्यू-डे मनाया

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में प्री प्राइमरी के विद्यार्थियों ने ब्ल्यू-डे मनाया। विद्यार्थियों ने डांस प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी।




विद्यार्थियों ने एक्टिविटीज के साथ-साथ प्रभावी डांस कर सबका मन मोह लिया। उन्होंने नीले रंग की वस्तुओं की खेल-खेल में जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने काव्य पाठ किया। नीली वस्तुओं के शो में उन वस्तुओं को पहचाना और उनके बारे में अपने विचार अभिव्यक्त किए। यह आयोजन प्राचार्य मधुसूदन नायर के मार्गदर्शन में हेड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी ने प्री प्राइमरी विभाग के शिक्षिकाओं के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न किया। विद्यालय की प्रबंध समिति ने आयोजन की सफलता पर हर्ष प्रकट किया है। ब्ल्यू-डे को सफल बनाने में कला, संगीत और नृत्य विभाग ने सराहनीय भूमिका निभाई।

### 11वीं-12वीं के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कॉमर्स कक्षाएं

**राजनांदगांव।** अग्रवाल सभा राजनांदगांव द्वारा सभी समाज के विद्यार्थियों के शैक्षणिक उत्थान के उद्देश्य से 11वीं एवं 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कॉमर्स विषयों की विशेष कक्षाएं प्रारंभ की जा रही है। इन कक्षाओं में हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों को अकाउंटेंसी (लेखाशास्त्र) एवं व्यावसायिक अध्ययन (बिजनेस स्टडीज) विषयों का मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। कक्षाएं प्रत्येक शनिवार एवं रविवार सुबह 9 से 11 बजे तक आयोजित होगी। इसका आयोजन अग्रसेन भवन काली माई मंदिर के पास राजनांदगांव में किया जाएगा। प्रवेश के लिए अग्रसेन भवन मैनेजर से सम्पर्क किया जा सकता है। इन कक्षाओं का संचालन एवं मार्गदर्शन सेवानिवृत्त विषय विशेषज्ञ व्याख्याता राजेंद्र कुमार अग्रवाल द्वारा किया जाएगा। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल ने बताया कि यह पहल विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की जा रही है।

### ज्योति की पढ़ाई का संकल्प लिया समाज ने

**राजनांदगांव।** जिला साहू संघ राजनांदगांव ने समाज हित में प्रेरणादायी और संवेदनशील पहल की शुरूआत की है। इस पहल के अंतर्गत आर्थिक



रूप से कमजोर परिवार की छात्रा ज्योति साहू निवासी छुरिया को उसकी शिक्षा निरंतर जारी रखने विद्यालय की शुल्क (फीस) एवं आवश्यक पाठ्य-पुस्तकों के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं स्व. जोधीराम साहू के सुपुत्र तोरण साहू ने छात्रा की विद्यालय फीस के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा सबसे बड़ा दान है और किसी जरूरतमंद बच्चे की पढ़ाई में सहयोग करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने समाज के अन्य सक्षम लोगों से भी आग्रह किया कि वे ऐसे बच्चों की पहचान कर उनकी शिक्षा में सहयोग करें, ताकि समाज का भविष्य और अधिक सशक्त बन सके। जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष नोबल साहू ने भी छात्रा की फीस के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान करते कहा कि जिला साहू संघ का उद्देश्य केवल सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाना है। डॉ. हेमशंकर जेठमल साहू ने इस पहल की सराहना की। छुरिया परिक्षेत्रीय अध्यक्ष खुमेंद्र साहू भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सहायता प्राप्त करने वाली छात्रा ज्योति साहू एवं उनके परिवार ने भावुक होकर सभी सहयोगकर्ताओं के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की।

### 11वें स्थापना दिवस पर प्रतिभाओं का सम्मान

**राजनांदगांव।** रायपुर में गत दिनों छत्तीसगढ़ प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज के 11वें स्थापना दिवस पर संगठन से जुड़े प्रदेशभर के पदाधिकारियों एवं



सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पद्मश्री अनुज शर्मा विधायक धरसींवा एवं रायपुर की महापौर मीनल चौबे, वर्णिका शर्मा अध्यक्ष छग राज्य बाल संरक्षण आयोग शामिल हुई। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला भी शामिल हुए। समारोह की विस्तृत जानकारी देते राजनांदगांव इकाई की अध्यक्ष ममता अवस्थी ने बताया कि समाज के प्रतिभावानों का सम्मान कर नई पीढ़ी को कुछ अलग करने का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों का सम्मान भी उनके योगदान और मार्गदर्शन के मद्देनजर किया गया। समाज के 65 प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए, जिन्होंने बोर्ड परीक्षाओं से लेकर जेईई अथवा नीट के अलावा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ समाज को गौरवान्वित किया है। आयोजन में वंदना तिवारी, अनीता बाजपेई, ममता अवस्थी, मंजूषा बाजपेई , सुधा तिवारी, मनीषा शर्मा तथा निधि बाजपेई ने सहभागिता की।

## रमन ने एम्बुलेंस एवं स्वच्छता वाहन को दिखाई हरी झंडी

# स्वामित्व कार्ड ग्रामीणों के आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की चाबी: रमन सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सोमवार को स्पीकर निवास में आयोजित स्वामित्व योजना अंतर्गत स्वामित्व पट्टा वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने ग्राम ईरा, मनकी, आरला, बांकल एवं कुसमी के 150 हितग्राहियों को स्वामित्व पट्टों का वितरण किया। कार्यक्रम में विस अध्यक्ष ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उपलब्ध कराई गई एम्बुलेंस एवं स्वच्छता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया।

विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि स्वामित्व कार्ड केवल कागज का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि ग्रामीणों के आत्मसम्मान, आत्मनिर्भरता की चाबी है। उनके कानूनी अधिकार का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि वर्षों से ग्रामीण आबादी की भूमि का स्पष्ट रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं था, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 अप्रैल 2020 को प्रारंभ की गई स्वामित्व योजना के माध्यम से अब प्रत्येक ग्रामीण परिवार को उसकी आवासीय भूमि का प्रमाणित अभिलेख उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक ड्रोन सर्वे एवं डिजिटल मैपिंग के माध्यम से गांवों की आबादी भूमि का सर्वेक्षण किया गया है। अब प्रत्येक मकान एवं भूमि का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का विधिवत स्वामित्व प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि जिले के अनेक गांव में सर्वे एवं अंतिम प्रकाशन की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है तथा चरणबद्ध तरीके से सभी गांवों में शिविर लगाकर स्वामित्व कार्ड वितरित किए जाएंगे।

इस अवसर पर योगेश दत्त मिश्रा, सचिन बघेल, प्रतिमा चंद्राकर, पूर्णिमा साहू, कोमल सिंह राजपूत, भरत वर्मा, संतोष अग्रवाल, रमेश पटेल, सौरभ कोठारी, रेखा मेश्राम, दुर्गा प्रसाद अधिकारी, सीएल मारकण्डेय, शीतल बंसल, श्रीकांत कोराम सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, हितग्राही उपस्थित थे।



### संपत्ति का कानूनी अधिकार प्रदान करने वाली ऐतिहासिक पहल

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल 2020 को प्रारंभ की गई स्वामित्व योजना ग्रामीणों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार प्रदान करने वाली ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने बताया कि स्वामित्व योजना के अंतर्गत ड्रोन तकनीक से गांवों का सर्वे कर डिजिटल नक्शा तैयार किया जाता है तथा संपत्ति का अधिकार अभिलेख प्रदान किया जाता है।

### बैंकों से ऋण प्राप्त करना होगा आसान

डॉ. सिंह ने कहा कि स्वामित्व कार्ड मिलने से ग्रामीण अपनी संपत्ति का विधिक प्रमाण प्राप्त करेंगे। इसके आधार पर बैंकों से ऋण प्राप्त करना भी आसान होगा। जिससे ग्रामीण आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह योजना गांवों के विकास एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उल्लेख करते ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में अपने घरों की छतों पर सोलर संयंत्र स्थापित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा सोलर संयंत्र स्थापना पर आकर्षक अनुदान दिया जा रहा है। इससे बिजली का बिल शून्य होने के साथ अतिरिक्त बिजली उत्पादन से आय अर्जित करने का अवसर भी मिलेगा।

## जन्माष्टमी महोत्सव की बैठक 26 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाने नगर कोसरिया यादव समाज राजनांदगांव द्वारा बैठक आयोजित की गई है। समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण अवतरण दिवस को धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाते है।

कृष्ण जन्माष्टमी आपसी भाईचारा शिष्टाचार एवं सद्भावना का मिसाल है। जन्मोत्सव पर पालकी यात्रा, शोभायात्रा, छत्तीसगढ़ी बाजा एवं विभिन्न प्रकार के बाजा-गाजा के साथ शोभायात्रा निकाली जाती है, जो भगवान श्रीकृष्ण की नगरी वृंदावन की तर्ज पर फूलों की वर्षा की जाती है।

भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर बैठक का शुभारंभ किया जाएगा। भगवान श्रीकृष्ण की विशाल शोभायात्रा झांकी निकालने के संबंध में, साथ ही इस आयोजन को सफल बनाने समाज के प्रमुखों द्वारा चर्चा की जाएगी एवं सामाजिक गतिविधियों के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। बैठक 26 जुलाई को दोपहर 2.30 बजे सामुदायिक भवन क्लब चौक बजरंगबली मंदिर के पास बसंतपुर में रखी गई है। बैठक में समाज के संरक्षकगण, पदाधिकारीगण, वरिष्ठगण, युवा मंडल, महिला मंडल, गौटियागण, वार्ड अध्यक्षगण एवं सदस्यगण उपस्थित रहेंगे।

## घुमका नपं में 27 दिन बाद पीआईसी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घुमका नगर पंचायत में उपाध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुए लगभग 27 दिन के बाद अततः पीआईसी गठन किया गया। सरकारी नियमों के अनुसार यह गठन उपाध्यक्ष के निर्वाचन की तारीख से सात दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से हो जाना चाहिए था। इस लेटलतीफी के बाद जारी की इस सूची पर संवैधानिक संकट की स्थिति निर्मित हो गयी है।

ज्ञात हो कि बीते 23 जून को नगर पंचायत अध्यक्ष और पार्षदों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया था। इस समारोह के तुरंत बाद ही उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराई गई थी। नियमानुसार इसके बाद से ही पीआईसी के गठन की उलटी गिनती शुरू हो गई थी, क्योंकि अधिनियम की धारा 70 के तहत नगर पंचायत की दशा में अध्यक्ष तथा निर्वाचित पार्षदों में से पांच सदस्यों को मिलाकर इस काउंसिल का गठन करना अनिवार्य होता है। यह पूरी प्रक्रिया निर्धारित सात दिनों की समय-सीमा के भीतर संपन्न हो जानी चाहिए थी, लेकिन इसे 17 जुलाई की तिथि में जारी किया गया है। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष फूलमती वर्मा से बात की गई, तो उन्होंने इस देरी के पीछे मुख्य रूप से प्रशासनिक कारणों का हवाला दिया। उनका कहना है कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी के कुछ अपरिहार्य पारिवारिक कारणों और समस्याओं के चलते तय समय पर बैठक का आयोजन नहीं किया जा सका।

### नोहेन्द्र के पास राजस्व

नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा जारी की गई पीआईसी की सूची में भाजपा नेता और नगर पंचायत उपाध्यक्ष नोहेन्द्र सिन्हा को राजस्व एवं बाजार विभाग, पार्षद उषा वर्मा को आवास, पर्यावरण, लोक निर्माण एवं जल कार्य विभाग, पार्षद गौरव शर्मा को खाद्य नागरिक आपूर्ति, स्वास्थ्य तथा चिकित्सा विभाग, पार्षद कुमारनाथ बघेल को शिक्षा, महिला तथा बाजार कल्याण विभाग तथा रामचंद्र वर्मा का पुनर्वास, नियोजन, विधि तथा सामान्य प्रशासन विभाग दिया गया है।

## शराब के लिए पैसा नहीं देने पर मारपीट

**राजनांदगांव।** शराब पीने के लिए पैसा नहीं मिलने पर आरोपी ने प्रार्थी से मारपीट किया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 18 जुलाई को प्रार्थी द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि शाम करीब साढे 5 बजे एक लॉज के पास पुराना बस स्टैंड राजनांदगांव में खड़ा था। उसी समय विमल उर्फ बहादुर नेपाली इसके पास आकर शराब पीने के लिए पैसा मांगा, नहीं देने पर नाराज होकर गंदी-गंदी गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्के से मारपीट कर चोंट पहुंचाया। रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296, 115 (2), 351 (2), 119 (1) बीएनएस कायम किया गया।

पुलिस ने इस मामले में आरोपी विमल उर्फ बहादुर 40 साल निवासी अटल आवास बैगापारा लखोली राजनांदगांव की लगातार पतासाजी कर 21 जुलाई को हिरासत में लेकर पूछताछ करने जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

## अस्पताल में नवजात की मौत, बारिश के बीच फूंका स्वास्थ्य मंत्री का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला अस्पताल के मातृ-शिशु अस्पताल में 20 जुलाई की रात लगभग तीन बजे प्रसव के लिए लाई गई गर्भवती महिला की समय पर रक्त जांच रिपोर्ट नहीं मिली। जिससे उसका ऑपरेशन नहीं हो सका और नवजात की गर्भ में ही मौत हो गई। इस मामले में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर युवा कांग्रेस द्वारा स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का पुतला फूंका गया।

शहर के समीप टोलागांव निवासी गर्भवती कविता को प्रसव पीड़ा होने पर शासकीय मातृ एवं शिशु अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां लापरवाही के चलते समय पर महिला की रक्त जांच रिपोर्ट नहीं दी गई। जिससे गर्भवती का ऑपरेशन नहीं हो सका और उसके गर्भ में नवजात की मौत हो गई। इस मामले को लेकर लापरवाह चिकित्सक, लैब टेक्नीशियन और अन्य स्टाफ पर कार्रवाई की मांग करते युवा कांग्रेस द्वारा ज्ञापन दिया गया। वहीं जिला अस्पताल की इस लचर व्यवस्था के खिलाफ आंदोलन करते युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने अस्पताल के सामने बारिश के बीच स्वास्थ्य मंत्री का पुतला फूंका।



### लापरवाही पर कार्रवाई करने मांग

इस मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता अस्पताल के गेट के सामने बैठ गए और वहीं सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस के पदाधिकारी पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, अभिमन्यु मिश्र, संदीप सोनी और हर्ष खोब्रागढ़े ने कहा कि जिला अस्पताल में इस तरह की लापरवाही लगातार सामने आ रही है। उन्होंने इस मामले में कहा कि मां के गर्भ में बच्चा स्वस्थ था, ऑपरेशन के लिए ब्लड जांच रिपोर्ट 12 से 14 घंटे तक नहीं दी गई। अगर समय पर रिपोर्ट मिलती और ऑपरेशन होता तो नवजात की मौत नहीं होती।

### सामने आई चिकित्सकों की लापरवाही

युवा कांग्रेस के प्रदर्शन और उनकी मांग को लेकर सिविल सर्जन महेंद्र प्रताप ने कहा कि प्रारंभिक जांच में लैब के दो टेक्नीशियन को हटा दिया गया है। रात लगभग 2.47 बजे रक्त जांच के लिए नमूना प्रयोगशाला में दिया गया था, लेकिन यहां से जांच की रिपोर्ट आने में देरी हुई और रिपोर्ट दोपहर में दी गई। जबकि 2 घंटे में रिपोर्ट मिल जानी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि इस मामले में चिकित्सकों की लापरवाही भी सामने आई है। रिपोर्ट में देरी को लेकर चिकित्सकों ने लैब के साथ कोई संपर्क नहीं किया। रिपोर्ट मांगने कोशिश नहीं की गई।

## शासकीय योजनाओं में तेजी लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में जिले में संचालित विकास कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

कलेक्टर के निर्देश पर सिविल सर्जन द्वारा जिला चिकित्सालय में एक मरीज की जांच में लापरवाही बरतने पर संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, जन शिकायत, पीजीएन, पीजी पोर्टल, जनदर्शन, सुशासन तिहार तथा अन्य लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने सभी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के आधार सत्यापन का कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने कहा। उन्होंने किसानों के एग्रीस्टैक पंजीयन के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले में संचालित एचपीवी टीकाकरण अभियान के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की।

जिले में अब तक 4 हजार 164 हितग्राहियों के यहां सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं। बैठक में जिला पंचायत सीईओ दुर्गा प्रसाद अधिकारी, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



### खाद-बीज भंडारण की समीक्षा

कलेक्टर ने खरीफ सीजन के दौरान खाद-बीज की उपलब्धता, वितरण एवं भंडारण की समीक्षा की। कृषि विभाग द्वारा बताया गया कि इस वर्ष किसानों ने डीएपी की अपेक्षा एनपीके उर्वरक को अधिक प्राथमिकता देते उठाव किया है। जिससे किसानों में संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

## देश के भविष्य को कुचलने का प्रयास बर्दाश्त नहीं : महेन्द्र

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सदस्य एवं जिला



कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव (ग्रामीण) के महामंत्री महेन्द्र यादव ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर में अपने अधिकारों और भविष्य की लड़ाई लड़ रहे छात्रों पर किया गया बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज अत्यंत निंदनीय, दुर्भाग्यपूर्ण एवं लोकतंत्र पर सीधा हमला है। छात्र देश का भविष्य है। लोकतंत्र में अपनी बात शांतिपूर्वक रखना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है।

## किसान उत्पादन कंपनी ने ली किसानों की बैठक

# 100 किसानों ने ली शेयर धारक सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छुरिया के एक ग्राम में किसानों की आर्थिक उन्नति, सामूहिक कृषि विकास तथा किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सृष्टि पूजा किसान उत्पादन कंपनी द्वारा एक महत्वपूर्ण किसान बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का नेतृत्व कंपनी के डायरेक्टर डॉ. हेमशंकर जेठमल साहू ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा कंपनी की कार्यप्रणाली, उद्देश्य एवं शेयरधारक बनने के लाभों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

बैठक के दौरान भूतपूर्व सरपंच ने कहा कि आज के समय में संगठित होकर कार्य करना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सृष्टि पूजा किसान उत्पादन कंपनी किसानों के हितों की रक्षा करते उन्हें नई दिशा प्रदान करेगी। 100 किसानों ने कंपनी के शेयरधारक सदस्य के रूप में जुड़ने की सहमति प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में डॉ. हेमशंकर जेठमल साहू ने किसानों, भूतपूर्व सरपंच, कोटवार, हेविकानंद गंधर्व तथा ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।



### किसानों को आत्मनिर्भर व सशक्त बनाना

बैठक में डॉ. हेमशंकर जेठमल साहू ने कहा कि वर्तमान समय में किसानों की आय बढ़ाने, कृषि लागत कम करने तथा उत्पादों का उचित मूल्य सुनिश्चित करने किसान उत्पादक कंपनियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में सृष्टि पूजा किसान उत्पादन कंपनी के शेयरधारक सदस्य बनने का आग्रह किया, ताकि कंपनी का विस्तार हो सके। उन्होंने बताया कि कंपनी का उद्देश्य केवल कृषि उत्पादन बढ़ाना ही नहीं, बल्कि किसानों को आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।

## युवाओं की आवाज बदलाव की शुरुआत : लोकनाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री लोकनाथ भारती ने कहा कि देशभर में उठ रही छात्रों की आवाज केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि करोड़ों युवाओं की भावनाओं का प्रतिनिधित्व करती है।

उन्होंने कहा कि जब शिक्षा महंगी हो जाए, परीक्षाएं पेपर लीक की भेंट चढ़ जाएं, डिग्री के बाद भी रोजगार न मिले और छात्रों की बात सुनने के बजाय उन्हें अनदेखा किया जाए, तब आवाज उठाना आवश्यक हो जाता है।

उन्होंने कहा कि नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर शिक्षा नीति में सुधार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया। इस घटना में कई छात्र-छात्राएं घायल हुए। जिसकी उन्होंने कड़ी निंदा की।



लोकनाथ भारती ने कहा कि देशभर में युवा कांग्रेस और भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) भी छात्रों के समर्थन में आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी पेपर लीक के मुद्दे को लेकर विभिन्न राज्यों में सभाएं कर चुके हैं और इस मुद्दे पर केंद्र सरकार जवाब देने से बच रही है।


प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष
मान. विक्रांत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएँ
शुभेच्छु- जिला पंचायत परिवार खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई


पूरी हो दिल की हर ख्वाहिश आपकी, मिले खुशियों का जहां आपको,
अगर आप मांगें आसमां का एक तारा, तो खुदा दे दे सारा आसमान आपको।
खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लाडले नेता एवं जिला पंचायत केसीजी के प्रथम उपाध्यक्ष
माननीय
विक्रांत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
22
July
मान. विक्रांत सिंह जी
उपाध्यक्ष जिला पंचायत
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई
डॉ. राजेश्री त्रिपाठी
अध्यक्ष, जनपद पंचायत खैरागढ़
डॉ. शैलेन्द्र त्रिपाठी
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो छ.ग.
जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि खैरागढ़
पूर्व सभापति जनपद पंचायत खैरागढ़


22 July
डॉ. बिशेसर साहू
अध्यक्ष जिला भाजपा
जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई
घम्मन साहू
पूर्व अध्यक्ष जिला भाजपा
जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई
मान. संतोष पांडेय
सांसद राजनांदगांव
खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लाडले नेता एवं
जिला पंचायत केसीजी के प्रथम उपाध्यक्ष
माननीय
विक्रांत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
श्रीमती गिरजा चन्द्राकर
अध्यक्ष नगर पालिका परिषद खैरागढ़
विनीत - भाजपा पार्षद दल, नगर पालिका परिषद, खैरागढ़ जिला-के.सी.जी.


जीवेत शरदः शतम्
हर राह आसान हो, हर राह पर खुशियां हो,
हर दिन खूबसूरत हो। ऐसा ही पूरा जीवन हो,
यही हर दिन हमारी दुआ हो
ऐसा ही आपका हर जन्मदिन हो।।
मा. सचिन बघेल जी
अध्यक्ष, जिला सहकारी केन्द्रीय
बैंक मर्यादित राजनांदगांव
जिला पंचायत खैरागढ़ छुईखदान गंडई के प्रथम उपाध्यक्ष
बड़े भाई
विक्रांत सिंह जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
HAPPY BIRTHDAY
मान. विक्रांत सिंह जी
उपाध्यक्ष जिला पंचायत
खैरागढ़-छुईखदान-गंडई
हरप्रसाद वर्मा
अध्यक्ष, वृहताकार सेवा
सहकारी समिति अतरिया
नारायण दास
अध्यक्ष, वृहताकार सेवा
सहकारी समिति टोलागांव
जितेन्द्र वर्मा
अध्यक्ष, वृहताकार सेवा
सहकारी समिति मड़ौदा
राजकुमार वर्मा
अध्यक्ष, वृहताकार सेवा
सहकारी समिति कामठा
लाला राम वर्मा
अध्यक्ष, वृहताकार सेवा
सहकारी समिति रगरा
लाल राजेन्द्र सिंह
अध्यक्ष, वृहताकार सेवा
सहकारी समिति बढ़ईटोला
कोमल वर्मा
अध्यक्ष, वृहताकार सेवा
सहकारी समिति सलोनी
नरेश कुर्रे
अध्यक्ष, वृहताकार सेवा
सहकारी समिति भोरमपुर कला
फिरन वर्मा
अध्यक्ष, वृहताकार सेवा
सहकारी समिति जालबांधा
रामकुमार जोशी
अध्यक्ष, वृहताकार सेवा
सहकारी समिति डोकराभाठा
पूरन वर्मा
अध्यक्ष, वृहताकार सेवा
सहकारी समिति उदयपुर
कृष्णा वर्मा
अध्यक्ष, वृहताकार सेवा
सहकारी समिति अमलीपारा


प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष
विक्रांत भैय्या
आपको जन्मदिन की
बहुत बहुत बधाई
आप स्वस्थ एवं दीर्घायु हो
आपके उज्जवल भविष्य
की कामना करता हूँ
सौजन्य :- घम्मन साहू (अधिवक्ता), प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

## खबर संक्षेप

### भावना बोहरा ने विभिन्न गांवों का किया दौरा



**कुण्डा।** पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सोमवार को विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दशरंगपुर, कुम्ही, महली, दुल्लापुर, बघर्रा एवं महका का दौरा कर विभिन्न सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने शोकसभा में शामिल होकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिवारों से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। दौरे के दौरान विधायक ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों से आत्मीय संवाद कर क्षेत्र की समस्याओं और विकास कार्यों की जानकारी ली। ग्राम महका में उन्होंने ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठकर जन-चौपाल लगाई और सीसी रोड, नाली तथा स्कूल भवन सहित अन्य मूलभूत समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके निराकरण का आश्वासन दिया। वहीं नवविवाहित दंपती को शुभकामनाएं भी दीं। विधायक भावना बोहरा ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनसुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही जनसेवा ही भावना संस्थान के माध्यम से निःशुल्क एम्बुलेंस, छात्राओं के लिए बस सेवा, मोबाइल हेल्थ लैब सहित विभिन्न जनहितकारी सेवाएं संचालित की जा रही हैं। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थें।

### सामूहिक पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**पंडरिया।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के संकल्प को साकार करते हुए शासकीय प्राथमिक शाला केशली-गोड़ान के विद्यालय परिसर में छायादार एवं फलदार पौधों का पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई तथा पौधों के संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत केशलीगोड़ान के सचिव रामकिर्तन यादव, सरपंच प्रतिनिधि अंतुराम पटेल, रोजगार सहायक सरोज कुमार पटेल, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राधेश्याम पटेल, एसएमसी सदस्य खेलू पटेल, पंच गणेश धुर्वे, खेल प्रशिक्षक तुलसी धुर्वे, शिक्षक सत्येन्द्र नाथ प्रताप सिंह, शिक्षिका लता चांदसे, प्रधान पाठक शिवकुमार बंजारे सहित विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए। प्रधान पाठक शिवकुमार बंजारे ने बताया कि विद्यालय परिसर को हराभरा एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से समय-समय पर पौधरोपण एवं संरक्षण अभियान चलाया जाता है। विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाते हुए पौधों की देखरेख की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। यह पहल विद्यालय परिसर को हरित एवं स्वच्छ बनाने के साथ-साथ समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक प्रयास है।

### बाल मंत्री कार्यक्रम से बच्चों में बढ़ा आत्मविश्वास



**बरबसपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत नेवारीगुढ़ा आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में बाल मंत्री कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के 4 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को विद्यालयीन वातावरण से परिचित कराना तथा उनमें आत्मविश्वास, सहयोग और सामाजिक समायोजन की भावना विकसित करना रहा। कार्यक्रम के तहत निर्धारित तिथि पर आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को निकटस्थ प्राथमिक शालाओं का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों को विद्यालय परिसर, कक्षा-कक्ष एवं विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों से परिचित कराया गया, साथ ही कक्षा-1 के शिक्षक एवं विद्यार्थियों से उनका संवाद स्थापित कर उन्हें स्कूल के वातावरण से सहज रूप से जोड़ने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी एवं शाला के बच्चों के बीच संयुक्त रूप से खेल, कहानी, चित्रकला एवं समूह गतिविधियों जैसे रचनात्मक एवं मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों से बच्चों में सीखने के प्रति उत्साह बढ़ा तथा विद्यालय के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ। कार्यक्रम के सुचारु संचालन के लिए शिक्षकों द्वारा पूर्व तैयारी, गतिविधियों की सतत निगरानी एवं बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया गया वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बच्चों के साथ रहकर उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया। इसके अलावा अभिभावकों को भी इस पहल से जोड़ते हुए जागरूक किया गया।

### प्रदर्शनी में सजेगी बलबीर, गौरंग और नीलिका की पेंटिंग्स



**कोलेगांव।** कबीरधाम जिले के लिए यह गर्व का विषय है कि यहां की कला अब देश की राजधानी नई दिल्ली में अपनी पहचान बनाएगी। नई दिल्ली के प्रसिद्ध लोकायता आर्ट गैलरी, हौज खास विलेज में 7 से 9 अगस्त 2026 तक आयोजित होने वाली राष्ट्रीय समूह चित्रकला प्रदर्शनी द पेंटेड प्रेयर में कबीरधाम जिले के तीन प्रतिभाशाली कलाकारों की कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। इस प्रतिष्ठित प्रदर्शनी का आयोजन देश के विख्यात रेनबो आर्ट ग्रुप द्वारा किया जा रहा है। इसमें देशभर के चुनिंदा समकालीन कलाकारों के साथ कबीरधाम के वरिष्ठ चित्रकार बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा, युवा कलाकार गौरंग कुलमित्र और नीलिका चंद्राकर अपनी उत्कृष्ट पेंटिंग्स के माध्यम से जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। वरिष्ठ चित्रकार बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा द्वारा तैयार की गई भोरमदेव बैगा आर्ट प्रदर्शनी का विशेष आकर्षण होगी। इन कलाकृतियों में बैगा जनजाति की समृद्ध संस्कृति, पारंपरिक जीवनशैली तथा ऐतिहासिक भोरमदेव क्षेत्र की कला और विरासत को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो दिल्ली के कला प्रेमियों को छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान से रूबरू कराएगी। प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों के 43 चयनित कलाकार अपनी कलाकृतियों का प्रदर्शन करेंगे। इनमें छत्तीसगढ़ के अलावा असम, बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, जम्मू तथा दिल्ली (एनसीआर) के कलाकार शामिल हैं। वरिष्ठ चित्रकार बलबीर प्रसाद विश्वकर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य देश की विविध कला परंपराओं और समकालीन अभिव्यक्तियों को एक साझा मंच प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि कबीरधाम जैसे वनांचल और ऐतिहासिक क्षेत्र के कलाकारों का राष्ट्रीय स्तर की इस प्रदर्शनी में चयन होना तथा भोरमदेव बैगा आर्ट को राष्ट्रीय पहचान मिलना पूरे कबीरधाम और छत्तीसगढ़ की लोक कला एवं संस्कृति के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है।

# विधायक ने 1.07 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौरी/कवर्धा

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए विधायक भावना बोहरा ने आज इन्दौरी क्षेत्र के ग्राम कोसमंदा, झिरौनी और केसली में 1 करोड़ 07 लाख 19 रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने दो गौरव पथ, आंगनबाड़ी भवन निर्माण, भूमि समतलीकरण, शिव मंदिर जीर्णोद्धार सहित विभिन्न जनहितकारी निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया तथा प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण किया।

विधायक भावना बोहरा द्वारा इन विकास कार्यों के माध्यम से क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ शिक्षा, सामाजिक अधोसंरचना, धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण तथा ग्रामीण जीवन को अधिक सुविधाजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। क्षेत्रवासियों ने विधायक भावना बोहरा का स्वागत करते हुए इन विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया कि इन निर्माण कार्यों से गांवों के सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक एवं आधारभूत विकास को नई दिशा मिलेगी।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास ही विकसित पंडरिया की आधारशिला है। गांव तभी आगे बढ़ेंगे जब वहां मजबूत सड़कें, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर सामाजिक अधोसंरचना और सांस्कृतिक-धार्मिक स्थलों का संरक्षण समान रूप से सुनिश्चित होगा। इसी सोच के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन भाजपा सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्य कर रही है।

उन्होने कहां कि हमारा लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है और पंडरिया विधानसभा इसी सोच के साथ लगातार आगे बढ़ रही है। गांवों में बनने वाले गौरव पथ आवागमन को सुगम बनाकर स्थानीय विकास को नई गति देंगे। वहीं आंगनबाड़ी भवन के निर्माण से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ बच्चों के प्रारंभिक शिक्षा वातावरण को मजबूती मिलेगी।

### इंदौरी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों को मिली विकास कार्यों की बड़ी सौगात



विधायक भावना बोहरा ने ग्राम कोसमंदा में सीसी रोड और नाली निर्माण सहित 31 लाख 17 हजार एवं 23 लाख 3 हजार की लागत से निर्मित होने वाले दो गौरव पथ, 16 लाख रुपए की लागत से गौठान व स्कूल का समतलीकरण, 5 लाख रुपए की लागत से शनि मंदिर का जीर्णोद्धार तथा ग्राम झिरौनी में 11 लाख 69 हजार रुपए की लागत से आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम केसली में 20 लाख 30 हजार रुपए की लागत से निर्मित शासकीय प्राथमिक शाला भवन का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को इन विकास कार्यों की सौगात के लिए बधाई दी।

## अनदेखी : मुरूम की जगह मिट्टी उपयोग करने का आरोप

# हल्की बारिश में ही करोड़ों की पीएम सड़क बनी खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत कोलेगांव से हथमुड़ी तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क हल्की बारिश के बाद ही वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के दोनों ओर साइड शोल्डर में निर्धारित लाल मुरूम की जगह मिट्टी का उपयोग किया गया है, जिससे बारिश होते ही पूरा किनारा कीचड़ और फिसलन में बदल जाता है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क सिंगल लेन होने के कारण वाहनों को एक-दूसरे को पास देने के लिए साइड में उतरना पड़ता है। ऐसे में मिट्टी वाले शोल्डर पर वाहन फिसलने का खतरा बना रहता है। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हल्की बारिश के बाद भी सड़क किनारे कीचड़ जमा होने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस संबंध में कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक सुधारात्मक कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने निर्माण एजेंसी से मानकों के अनुसार लाल मुरूम डालकर साइड शोल्डर को सुरक्षित बनाने की मांग की है।





### स्कूली बच्चों को रोजाना उठानी पड़ रही परेशानी

सुबह और शाम स्कूल आने-जाने वाले छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा नौकरीपेशा लोगों को सबसे अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान सड़क किनारे फिसलन बढ़ने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते सुधार नहीं किया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है।

### बसनी और पेंड्रीकला की सीसी सड़क जर्जर

मुख्य सड़क का डामरीकरण पूरा हो चुका है, लेकिन बसनी और पेंड्रीकला की बस्ती के भीतर की सीसी सड़क अब भी जर्जर स्थिति में है। सड़क कई स्थानों पर उखड़ चुकी है और गहरी दरारें पड़ गई हैं। बारिश में पानी भरने से दोपहिया वाहन फिसलने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से केवल कार्य प्रगति पर है का बोर्ड लगा है, लेकिन निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। उन्होंने संबंधित विभाग से शीघ्र सीसी सड़क निर्माण कराने की मांग की है।



# पोंड़ी को नगर पंचायत का दर्जा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोंड़ी

क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय के नेतृत्व में ग्राम पंचायत पोंडी के पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। सांसद संतोष पांडेय ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से ग्राम पंचायत पोंड़ी को नगर पंचायत का दर्जा देने व ग्राम पोंड़ी का नाम परिवर्तन कर हनुमंत नगर घोषित करने की मांग की।

इस विषय को लेकर उन्होंने ग्रामीणों की मौजूदगी में मुख्यमंत्री को पत्र भी सौंपा और सार्थक चर्चा की। सांसद श्री पांडेय ने मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए बताया कि वर्तमान में ग्राम पंचायत पोंड़ी कबीरधाम जिले के सबसे बड़े ग्राम पंचायतों में से एक है। यह गांव जंक्शन भी है। यहां से बिलासपुर, जबलपुर जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरती है। यहां की कुल जनसंख्या लगभग 4800 सौ है। इस दृष्टि से यह नगर पंचायत बनने के योग्य है। आवश्यकता पड़ने पर समीप के गांव को भी शामिल किया जा सकता है।

स्थानीय ग्रामीण व क्षेत्रवासी लंबे समय से ग्राम पंचायत पोंड़ी को नगर पंचायत बनाने की मांग करते आ रहे हैं। सांसद पांडेय ने ग्राम पंचायत पोंड़ी को नगर पंचायत का दर्जा देने मुख्यमंत्री से आग्रह व मांग किया गया। ग्राम पंचायत पोंड़ी ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व से परिपूर्ण है। प्राचीन शीतला मंदिर, शिव मंदिर इस ग्राम की विशिष्ट पहचान है। ग्राम के मुख्य चौक पर हनुमान की विशाल प्रतिमा इसे और आकर्षक व महत्त्वपूर्ण बनाती है। उन्होंने बताया कि स्थानीय व क्षेत्रीय ग्रामीणों के आस्था व सम्मान के अनुकूल ग्राम पंचायत पोंड़ी का नाम परिवर्तन कर नवीन नाम हनुमंत नगर घोषित करने के लिए मुख्यमंत्री से आग्रह व मांग किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दोनों मांग पर ग्रामीणों को ठोस आश्वासन दिया। सांसद संतोष पांडेय, पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जयराम साहू, मिथला मोतीराम साहू, उपसरपंच मुकेश कुंभकार, संतोष साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### न्यायालय तहसीलदार पण्डरिया, जिला कबीरधाम (छ०ग०)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क..........ब121/वर्ष 2025-26
आवेदक-प्यारे लाल पिता स्व. प्रेम लाल जाति केंवट निवासी ग्राम पीपरखुटी तहसील पण्डरिया जिला-कबीरधाम (छ०ग०)

ईश्तहार द्वारा आम जनता ग्राम पीपरखुटी प.ह.नं. 33 को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्यारे लाल पिता स्व. प्रेम लाल जाति केंवट साकिन पीपरखुटी तहसील पण्डरिया जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा आवेदक के पिता स्व. प्रेमलाल पिता भक्ता की मृत्यु दिनांक 10.11.2015 को ग्राम पीपरखुटी में हुआ है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान किया जावें।

इस संबंध में जिस किसी को भी कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति पत्र स्वयं उपस्थित होकर दो प्रति में दिनांक 27-7-26 समय 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

उपरोक्त निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पत्र को अमान्य समझा जावेगा।

आज दिनांक 13-7-26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से ग्राम में ईश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक - 13.07.2026
पेशी दिनांक - 27.07.2026

मुहर

तहसीलदार
पंडरिया

### बारिश के साथ खेतों में लौटी रौनक, धान रोपाई ने पकड़ी रफ्तार, अच्छी पैदावार की उम्मीद



बरबसपुर। जिले में मानसून सक्रिय होने के बाद किसानों ने खरीफ सीजन की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया धान की रोपाई तेज कर दी है। लगातार हो रही बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी बनने के बाद ग्रामीण अंचलों में किसान और मजदूर सुबह से शाम तक रोपाई कार्य में जुटे हुए हैं। किसानों का कहना है कि समय पर रोपाई होने से फसल का विकास बेहतर होगा और उत्पादन बढने की संभावना रहेगी। जिले के नाऊडीह, दौजरी, जेवडन खुर्द, बांझीमौहा, सारंगपुर, डबराभाट, घुकसा, बरबसपुर, बीजाझोरी, सिघनपुरी, गांगचुवा, हरिनछपरा और राम्हेपुर कला सहित कई गांवों में इन दिनों धान रोपाई का कार्य पूरे जोर-शोर से चल रहा है। खेतों में किसान परिवारों के साथ बड़ी संख्या में मजदूर भी रोपाई में लगे हुए हैं, गांवों के खेतों में चारों ओर रोपाई का नजारा दिखाई दे रहा है। किसान विकास कुमार, सिलीप यादव, मनोहर धुर्वे, लाला प्रसाद साहू, मनोज चंद्रवंशी, अर्जुन वर्मा, महेश चंद्रवंशी और महादेव सिंह ठाकुर ने बताया कि धान की रोपाई विधि से खेती करने के कई फायदे हैं। इस पद्धति से पानी का बेहतर उपयोग होता है, खरपतवार पर नियंत्रण रखने में आसानी होती है तथा पौधों को पर्याप्त पोषण मिलने से अच्छी पैदावार की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा खाद और उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने में भी सुविधा मिलती है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम अनुकूल बना रहा और समय-समय पर पर्याप्त बारिश होती रही, तो इस वर्ष धान की फसल बेहतर रहने की उम्मीद है। कृषि विशेषज्ञ भी समय पर रोपाई को अच्छी पैदावार का महत्वपूर्ण आधार मानते हैं। इन दिनों जिले के अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में रोपाई का कार्य अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है।

# शिक्षक सम्मान से सम्मानित हुए शिक्षक लक्ष्मण बांधेकर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत छत्तीसगढ़ द्वारा 15 जुलाई 2026 को रायपुर स्थित विमतारा भवन में आयोजित स्व. श्री हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह-2026 में देशभर के 250 उत्कृष्ट शिक्षकों को शिक्षा, नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान के लिए राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि डॉ हिमांशु द्विवेदी, प्रधान संपादक, हरिभूमि समूह एवं आईएनएच रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय अग्रवाल, संस्थापक, एनआर स्टील, रायगढ़ ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ चितरंजन कर, राजभाषा हिंदी सलाहकार, रेल मंत्रालय, भारत सरकार एवं डॉ पूर्णानंद मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत उपस्थित थें। जिले के पंडरिया विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला रहमान कापा में पदस्थ शिक्षक लक्ष्मण बांधेकर को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट नवाचार, बालिका शिक्षा संवर्धन, गतिविधि-आधारित शिक्षण, टीएलएम के प्रभावी उपयोग, पर्यावरण संरक्षण एवं विद्यालय विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए मुख्य अतिथि डॉ हिमांशु द्विवेदी के कर-कमलों से प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर स्व. श्री हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डॉ हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि शिक्षक केवल विद्यार्थियों का भविष्य ही नहीं गढ़ता, बल्कि राष्ट्र के चरित्र, संस्कृति और सभ्यता का निर्माण करता है। शिक्षा में नवाचार और मूल्यों का समन्वय ही विकसित भारत की आधारशिला है। शिक्षक लक्ष्मण बांधेकर को प्राप्त यह राष्ट्रीय सम्मान उनके समर्पण, नवाचारी सोच और शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।



**खबर संक्षेप**

## आरटीई के तहत प्रवेशी की समय सारिणी जारी

**कवर्धा।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए तृतीय एवं अंतिम चरण की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। प्रवेश प्रक्रिया आरटीई पोर्टल के माध्यम से पूर्णतः ऑनलाइन संपन्न होगी। जानकारी के अनुसार 17 जुलाई से 21 जुलाई 2026 तक जिला स्तर पर विद्यालयवार आरटीई की रिक्त सीटों की जानकारी प्रदर्शित की जाएगी। 22 जुलाई से 05 अगस्त 2026 तक पात्र अभिभावक आरटीई पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

# पंडरिया विधायक के लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग के 7 विद्यार्थी नीट में सफल



- पंडरिया विधानसभा में शिक्षा के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पंडरिया विधानसभा में शिक्षा के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज हुई है। क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा द्वारा पंडरिया नगर में संचालित 'लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग सेंटर' ने अपने उद्देश्य को सिद्ध करते हुए इस वर्ष नीट परीक्षा में कोचिंग के 7 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है।

यह सफलता न केवल इन विद्यार्थियों और उनके परिवारों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे पंडरिया विधानसभा के लिए भी गौरवपूर्ण उपलब्धि है। लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग में पढ़ने वाले ग्राम मोहतरा खुर्द निवासी वेदांत कुमार साहू पिता भुनेश्वर प्रसाद साहू, पंडरिया निवासी राहुल मरकाम पिता रामकुमार मरकाम, वार्ड क्रमांक 5 पंडरिया निवासी यामिनी देवांगन पिता मनहरण देवांगन, लिम्हईपुर निवासी दुजराम मरकाम पिता महेत्तर सिंह मरकाम एवं पंडरिया निवासी उमा भोई पिता पुरषोत्तम भोई, सोमी चंद्राकर पिता रमेश चंद्राकर और लक्ष्मण पिता तेजूराम ने नीट की परीक्षा में सफलता हासिल की है। विदित हो कि ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पंडरिया विधायक भावना बोहरा की संवेदनशीलता से प्रारंभ की गई लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग आज क्षेत्र के युवाओं के सपनों को साकार करने का मजबूत माध्यम बन चुकी है। यहां विद्यार्थियों को विशेषज्ञ शिक्षकों का मार्गदर्शन, गुणवत्तापूर्ण अध्ययन सामग्री तथा आईआईटी-जेईई, नीट एवं सीजीपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की समुचित तैयारी पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है।

विधायक भावना बोहरा ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि मेरे लिए यह अत्यंत गर्व और भावुक क्षण है कि हमारे लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग सेंटर के सात होनहार विद्यार्थियों ने नीट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। यह सिद्ध करता है कि यदि बच्चों को सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो गांवों की प्रतिभाएं भी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं। यह सफलता केवल उन सात विद्यार्थियों की नहीं, बल्कि पूरे पंडरिया की मेहनत, विश्वास और सपनों की जीत है।

उन्होंने कहा कि गांवों में प्रतिभा की कभी कमी नहीं रही, आवश्यकता केवल उचित अवसर और सही मार्गदर्शन की होती है। लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग इसी उद्देश्य से प्रारंभ की गई थी ताकि आर्थिक स्थिति किसी भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी के भविष्य के बीच बाधा न बने। विधायक ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो किसी भी परिवार, समाज और राष्ट्र की दिशा बदल सकती है। पंडरिया विधानसभा में भी शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुविधाओं का विस्तार लगातार किया जा रहा है।

### महाविद्यालयीन छात्राओं को मिल रही निःशुल्क बस सेवा की सुविधा

महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए निःशुल्क बस का संचालन और शासकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को आधुनिक शिक्षा हेतु भावना दीदी की साइंस पाठशाला की शुरुआत हमने इसी उद्देश्य से किया है कि कोई भी विद्यार्थी संसाधन की कमी व आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित न रहें। उन्होंने सभी चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी बधाई दी और कहा कि हमें विश्वास है कि आने वाले वर्षों में लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग सेंटर से और अधिक विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में जरुर सफलता प्राप्त करेंगे। हमारा संकल्प है कि पंडरिया का कोई भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी आर्थिक अभाव के कारण अपने सपनों से वंचित न रहे और इसी विश्वास के साथ हम क्षेत्र के युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

**समस्या:** रेंगाखार-अड़वार रपटा पर दो फीट पानी, जान जोखिम में डाल रहे लोग

# 24 घंटे से झमाझम बारिश, नदी-नाले उफान पर, रपटा डूबे, कई मार्ग बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा सहित जिलेभर में बीते करीब 24 घंटों से रुक-रुककर हो रही तेज बारिश ने पूरे जिले को तरबतर कर दिया है। पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में लगातार हो रही वर्षा के कारण नदी-नाले उफान पर हैं, जबकि कई स्थानों पर रपटा डूब जाने से आवागमन प्रभावित हो गया है। शहर से लेकर ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों तक भारी बारिश का व्यापक असर देखने को मिल रहा है। जलभराव, अघोषित बिजली कटौती, कच्चे मार्गों पर कीचड़ और किसानों की बढ़ती चिंता ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है।

सबसे अधिक परेशानी बोड़ला विकासखंड के ग्राम रेंगाखार-अड़वार मार्ग पर देखने को मिली, जहां नदी पर बना रपटा मंगलवार को तेज बारिश के चलते पूरी तरह पानी में डूब गया। बताया जा रहा है कि रपटा के ऊपर करीब दो फीट पानी बह रहा है, जिससे मार्ग पूरी तरह बाधित हो गया। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से मौके पर न तो बैरिकेडिंग की गई और न ही सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए गए। ऐसे में कुछ वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालकर पानी के बीच से रपटा पार करते नजर आए, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि इस नदी में हर वर्ष बारिश के दौरान बाढ़ आने से यही स्थिति निर्मित होती है। वर्षों से पुल निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी है।

इधर जिले के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से भी कई रपटों के डूबने तथा मार्ग अवरुद्ध होने की खबरें सामने आ रही हैं। भारी बारिश का असर जिला मुख्यालय कवर्धा में भी साफ दिखाई दे रहा है। शहर के कई निचले इलाकों में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण सड़कों और मोहल्लों में पानी भर गया है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और कई स्थानों पर गंदा पानी घरों के आसपास तक पहुंच गया है। वहीं लगातार हो रही बारिश से कृषि क्षेत्र भी प्रभावित होने लगा है।

कई खेतों में पानी भर जाने से धान सहित अन्य खरीफ फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका बढ़ गई है। किसान लगातार हो रही बारिश पर नजर बनाए हुए हैं और मौसम साफ होने का इंतजार कर रहे हैं। बारिश के दौरान जिले में अघोषित बिजली कटौती भी लोगों की बड़ी समस्या बन गई है। जिला मुख्यालय से लेकर ब्लॉक मुख्यालय, ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों तक घंटों बिजली गुल रहने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली बाधित होने से पेयजल आपूर्ति, छोटे व्यवसाय और दैनिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

### कई स्थानो में जलभराव की समस्या



लगातार बारिश से कवर्धा शहर के निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है, जबकि ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में घंटों अघोषित बिजली कटौती जारी है। दूसरी ओर कच्चे एवं निर्माणाधीन मार्ग दलदल में बदल गए हैं, जिससे ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है। खेतों में पानी भरने से धान सहित खरीफ फसलों के नुकसान की आशंका भी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने जल निकासी, सड़क मरम्मत और विद्युत व्यवस्था में शीघ्र सुधार की मांग की है।

### कच्ची व निर्माणाधीन सड़कें दलदल में तब्दील

जिन क्षेत्रों में सड़कें कच्ची हैं या निर्माणाधीन हैं, वहां हालात और अधिक गंभीर हो गए हैं। लगातार बारिश के कारण ऐसे मार्ग कीचड़ और दलदल में तब्दील हो चुके हैं। कई गांवों में वाहन तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक परेशानी गर्भवती महिलाओं, बीमार लोगों और स्कूली बच्चों को हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाना चुनौती बन जाता है। प्रशासन की ओर से लोगों से अनावश्यक रूप से उफनते नदी-नालों और डूबे हुए रपटों को पार नहीं करने की अपील की जा रही है, वहीं प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है। खबर तो ये भी है कि समनापुर-डिलवापारा निर्माणाधीन प्रधानमंत्री सड़क के दलदल में तब्दील हो जाने कारण डिलवापारा निवासी 55 वर्षीय ग्रामीण कुमार यादव को समय पर स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पाई और उनकी मौत हो गई।

# पदोन्नति में देरी, टीईटी उत्तीर्ण शिक्षकों ने जताई नाराजगी



- संघ ने 10 अगस्त तक डेडलाइन तय करने की रखी अपनी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

टीईटी उत्तीर्ण शिक्षक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ ने पदोन्नति प्रक्रिया में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताई है। संघ ने संचालक लोक शिक्षण को ज्ञापन देकर सभी संयुक्त संचालकों एवं जिला शिक्षा अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी करने की मांग की है।

संघ का कहना है कि शासन ने पहले 30 जून 2026 तक पदोन्नति पूर्ण करने को कहा था, लेकिन आदेशों का पालन नहीं हुआ। अब 10 अगस्त 2026 नई अंतिम तिथि है। समय-सारणी के अनुसार 15. जुलाई 2026 तक अंतिम वरिष्ठता सूची आ जानी थी, पर 20 जुलाई तक भी कोई सूची जारी नहीं हुई। 07 जुलाई 2026 की स्थिति में रिक्त पदों की गणना भी नहीं हो पाई है।

प्रदेश अध्यक्ष राकेश मिश्रा ने कहा कि हजारों शिक्षक वर्षों से पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं। अगर 10 अगस्त तक काम नहीं हुआ तो हम प्रदेशव्यापी आंदोलन करेंगे। इस मांग का समर्थन प्रदेश संयोजक चेमनलाल साहू, प्रदेश सचिव जितेन्द्र दहाट, प्रदेश कोषाध्यक्ष युवराज साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष दुर्गेश कश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष महेन्द्र पंत और प्रदेश प्रवक्ता नारायण देवांगन ने भी किया। कबीरधाम जिले से जिलाध्यक्ष नदीम खान, जिला संयोजक रमेश रावत, जिला उपाध्यक्ष लवकेश पांडेय, कार्यकारिणी सदस्य टिकेश भट्ट, संतोष देवांगन, तुलाराम सागर सहित जिले के शिक्षकों ने भी ज्ञापन पर सहमति प्रदान कर मांग को मजबूती दी।

ज्ञापन सौंपने वालों में चेमन साहू, जितेंद्र दहाट, नदीम खान, चिंतामणि रुप, हेमनाथ गोस्वामी, महेश कुमार पाल, पवन कुमार जंघेल, राजू वर्मा, ध्रुपद दास महंत, उत्तम कुमार, राकेश मिश्रा, युवराज साहू, महेन्द्र पंत, परशुराम साहू, जितेन्द्र साहू, ओमप्रकाश जंघेल, हीरा सिंह झारखंडे शामिल थे। संघ ने स्पष्ट किया है कि शिक्षकों के हित में अब किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## दिल्ली के धरना प्रदर्शन में ममता चन्द्राकर शामिल...



**पाण्डातराई।** महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के नेतृत्व में बीते दिनो नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर नारी न्याय आंदोलन के तहत एक बड़ा प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में देश भर से आईं महिलाओं ने लोकसभा की सभी 543 सीटों पर महिला आरक्षण तुरंत लागू करने की मांग उठाई। कबीरधाम जिले के विधानसभा पंडरिया की पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने बताया कि महिला कांग्रेस, महिलाओं को लोकतंत्र में बराबरी का अधिकार दिलाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि 33 प्रतिशत महिला आरक्षण की मांग लंबे समय से की जा रही है और अब इसे पूरी तरह लागू कर महिलाओं को राजनीतिक नेतृत्व में उनका अधिकार सुनिश्चित करने का समय आ गया है।

# विशेष लोक अदालत में जिले के कुल 31 प्रकरणों का किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार गत दिनों छत्तीसगढ़ राज्य में तहसील न्यायालय के स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक सभी न्यायालयों में धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 (चेक बाउंस) से संबंधित विषयों पर विशेष लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय कबीरधाम एवं तहसील न्यायालय पण्डरिया में किया गया।



सुश्री संघरत्ना भतपहरी, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला न्यायालय कबीरधाम में चेक बाउंस के मामलों के निराकरण के लिए खण्डपीठ क्रमांक 1 गितेश कुमार कौशिक, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, खण्डपीठ क्रमांक 2 सुश्री रूचिता अग्रवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी एवं खण्डपीठ क्रमांक 3 सुश्री वर्षा गुर्दे, न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी कबीरधाम तथा तहसील न्यायालय पण्डरिया में आलोक कुमार अग्रवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट, प्रथम श्रेणी पण्डरिया में खण्डपीठ क्रमांक का गठन किया गया है।

अमन तिग्गा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कबीरधाम द्वारा यह जानकारी दी गई कि जिला न्यायालय कबीरधाम में विशेष लोक अदालत में धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम (चेक बाउंस) के मामलों के निराकरण के लिए गठित खण्डपीठ में कुल 30 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 96 लाख 77 हजार 644 रूपए का अवार्ड पारित किया एवं तहसील न्यायालय पण्डरिया में कुल 01 प्रकरण का निराकरण करते हुए कुल 3 लाख 50 हजार का अवार्ड पारित किया गया।

# साध्वीवर्या छवि प्रज्ञा का कवर्धा मंगल प्रवेश कल

- सकल जैन समाज व जिलेवासियों में भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा का जन मानस जिस घड़ी की अति उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहा था वह सुनहरा पल गुरुवार 23 जुलाई को प्रातः 8.00 बजे साकार होने जा रहा है।

आचार्य प्रवर 1008 पूज्य श्री रामलाल जी महाराज साहब की आज्ञानुवर्तनी विदुषी साध्वी पूज्य प्रथमा, साध्वी छवि प्रज्ञा एवं साध्वी रामामी महासती म.सा. ठाणा 3 का चातुर्मास 2026 हेतु मंगल प्रवेश जैन स्थानक भवन कवर्धा में होने जा रहा है। कबीरधाम के लिए यह फक्र की बात है कि यहां की माटी में पली, खेली संस्कारवान परिवार श्रीमती लीला देवी गुलाबचंद श्रीश्रीमाल की आत्मजा सुश्री छाया जो कि वर्तमान में रामेश शासन में साध्वीवर्या छवि प्रज्ञा के नाम से जिन शासन को दीपायमान कर रही है, वे भी इस साध्वी दल में पधार रही है।

तकरीबन 9 वर्ष पूर्व संयम अंगीकार करने के उपरांत वे प्रथम बार मातृभूमि में गुरु आज्ञा से पधारेंगी। संपूर्ण नगरवासियों एवं जैन सकल जैन श्री संघ में चरित्र आत्माओं के स्वागत एवं दर्शन के लिए अत्यंत हर्ष एवं उल्लास का माहौल है। कवर्धा में पहला पड़ाव पीजा हाउस राजनांदगांव मार्ग होगा, जहां पर दिनेश कुमार, अक्षय कुमार श्री श्रीमाल परिवार के सौजन्य से नवकारसी की व्यवस्था आयोजित की गई है। इस अवसर पर अन्यान्य स्थानो से श्रद्धालुओं के शिरकत करने की संभावना है।

**डिप्टी सीएम विजय शर्मा के साथ आयोजन समिति की बैठक में समीक्षा**

# श्रावण मास में कांवड़ियों की सेवा की तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

श्रावण मास में मां नर्मदा का पवित्र जल लेकर अमरकंटक से हजारों श्रद्धालु कबीरधाम जिले के प्रसिद्ध आस्था केन्द्र भोरमदेव एवं पंचमुखी बूढ़ा महादेव में भगवान शिव का जलाभिषेक करने पहुंचते हैं।

श्रद्धालुओं की इस विशाल आस्था यात्रा को अधिक सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा की पहल पर इस वर्ष भी पूरे श्रावण मास कांवड़ यात्रियों के लिए व्यापक सेवा एवं सुविधा व्यवस्थाएं की जाएंगी।

इसी संबंध में सोमवार को कवर्धा स्थित सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आयोजन समिति, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं स्वयंसेवकों के साथ तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की तथा विभिन्न सेवा प्रकल्पों के संचालन के लिए जिम्मेदारियां सौंपीं। बैठक को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि श्रावण मास की कांवड़ यात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि कबीरधाम की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक समरसता का भी प्रतीक है। हजारों श्रद्धालु कठिन पदयात्रा कर मां नर्मदा का जल लेकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा, सम्मान और सुविधाओं का ध्यान रखना हम सभी का सामूहिक दायित्व है।



### आपसी सहयोग से तीन सालों से जारी है सेवा प्रकल्पों का सफल संचालन

उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवकों और सैकड़ों कार्यकर्ताओं के सहयोग से सेवा प्रकल्पों का सफल संचालन किया जा रहा है। यह सेवा प्रशासनिक व्यवस्थाओं से अलग समाज की सहभागिता और सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस वर्ष भी पूरे समर्पण के साथ व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाया जाएगा, ताकि किसी भी श्रद्धालु को यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। बैठक में आयोजन समिति द्वारा श्रावण मास के दौरान विभिन्न प्रमुख स्थलों पर सेवा प्रकल्प संचालित करने का निर्णय लिया गया। अमरकंटक स्थित मृत्युंजय आश्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पूरे श्रावण मास कांवड़ यात्रियों के लिए निःशुल्क आवास, भोजन प्रसाद एवं विश्राम की व्यवस्था की जाएगी। विगत तीन वर्षों से संचालित यह सेवा प्रकल्प हजारों कांवड़ यात्रियों के लिए बड़ी राहत का माध्यम बना है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों स्वयंसेवक सेवा कार्यों में अपनी सहभागिता निभाते हैं।

# छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष अशोक डहरिया एवं समस्त ब्लॉक अध्यक्ष की उपस्थिति में 20 जुलाई 26 को मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर डीके तूरे से मुलाकात कर लंबित ड्रेसर ग्रेट 1 का प्रमोशन फार्मासिस्ट ग्रेट 2 में करने संबंधी ज्ञापन सौंपा गया साथ ही साथ अवगत कराया गया कि अन्य जिलों जैसे कि महासमुंद व जांजगीर चांपा में ड्रेसर ग्रेड वन जो कि विभागीय फार्मासिस्ट की प्रशिक्षण प्राप्त किए गए हैं।

जिसकी पदोन्नति सूची जारी कर दी गई है वही कबीरधाम जिले में अभी तकपदोन्नति की कार्यवाही नहीं की गई है। इस संबंध में संघ द्वारा पूर्व में कई बार ज्ञापन भी दिया जा चुका है। इसी कड़ी में आज पुनः सीएमएचओ से चर्चा कर जल्द से जल्द वरिष्ठता सूची जारी कर फार्मासिस्ट ग्रेट 2 में पदोन्नति सूची जारी करने की मांग की गई। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि जल्द से जल्द फार्मासिस्ट ग्रेट 2 के प्रमोशन सूची जारी की जाएगी। वर्तमान में चतुर्थ श्रेणी का प्रमोशन की कार्रवाई जारी है।

मुलाकात के दौरान 22 जुलाई 2026 को होने वाले स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन रैली पर भी चर्चा की गई। ज्ञात हो कि 22 जुलाई को छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ द्वारा विभाग की लंबित मांगों को पूर्ण करने और निजीकरण एवं ठेका प्रथा के विरोध में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।